# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शनिवार 22 अगस्त 2025 । भाद्रपद अमावस्या, संवत 2082 । रांची एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 136 । मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12




## एनसीएसटी की नौ सदस्यीय टीम करेगी सूर्या हांसदा एनकाउंटर की जांच, 24 अगस्त को पहुंचेगी डकैता गांव

**शुभम संदेश । रांची**

गोड्डा में सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की नौ सदस्यीय टीम 24 अगस्त को डकैता गांव पहुंचेगी. यह टीम दिवंगत आदिवासी नेता सूर्या हांसदा की पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत की जांच करेगी. टीम का नेतृत्व आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा और निरुपम चकमा करेंगे. टीम में आयोग के सचिव वाईपी यादव, सलाहकार एचआर मीना, सदस्य सुभाष रशिक सोरेन, राहुल यादव, अनुसंधानकर्ता राहुल कुमार सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं. टीम नई दिल्ली से देवघर हवाई अड्डे पर उतरेगी और गोड्डा सर्किट हाउस में ठहरने के बाद ललमटिया के डकैता गांव जाएगी. आयोग की टीम सर्किट हाउस में उपायुक्त अंजली यादव और पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार के साथ बैठक कर जिला प्रशासन से जानकारी लेगी.



### रांची को मिल सकती है मेट्रो रेल की सौगात

## केंद्र ने मांगा कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान

**शुभम संदेश । रांची**



राजधानी रांची में मेट्रो रेल परियोजना की दिशा में एक अहम प्रगति हुई है. केंद्र सरकार ने झारखंड सरकार से कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान (सीएमपी) तैयार कर भेजने का निर्देश दिया है. इस रिपोर्ट के आधार पर तय होगा कि रांची में मेट्रो रेल सेवा कितना आवश्यक और व्यवहारिक है, साथ ही किन मार्गों पर इसका संचालन संभव हो सकता है. गौरतलब है कि झारखंड सरकार ने पूर्व में रांची, जमशेदपुर और धनबाद में मेट्रो सेवा शुरू करने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा था. समीक्षा के बाद फिलहाल केंद्र ने केवल रांची को लेकर सीएमपी रिपोर्ट मांगी है. यह संकेत है कि रांची में मेट्रो परियोजना की संभावनाएं अन्य शहरों की तुलना में अधिक प्रबल हैं.

**क्या होता है कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान :** किसी भी शहर में मेट्रो या रैपिड ट्रांजिट सिस्टम लागू करने से पहले कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान तैयार करना अनिवार्य होता है. इस रिपोर्ट में निम्न पहलुओं का विश्लेषण किया जाता है:

- वर्तमान और भविष्य की यातायात स्थिति
- सड़क नेटवर्क और ट्रैफिक दबाव
- सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता
- निजी वाहनों की संख्या और उससे उत्पन्न जाम
- पर्यावरणीय प्रभाव
- वैकल्पिक परिवहन साधनों की आवश्यकता

सीएमपी रिपोर्ट के आधार पर ही केंद्र सरकार तय करती है कि किसी शहर में मेट्रो परियोजना की जरूरत है या नहीं.

### क्यों जरूरी है मेट्रो रेल रांची के लिए?

रांची में लगातार बढ़ते शहरीकरण, जनसंख्या और निजी वाहनों की संख्या के कारण यातायात जाम एक बड़ी समस्या बनती जा रही है. खासकर रातू रोड, किशोरगंज चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, नामकुम और लापुंग रोड जैसे इलाकों में सुबह-शाम घंटों जाम लगना आम बात हो गई है. विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते रांची को सस्टेनेबल और वैकल्पिक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था नहीं मिली, तो आनेवाले वर्षों में शहर में ट्रैफिक की स्थिति और भी विकराल हो सकती है. अब सबकी नजरें झारखंड सरकार द्वारा भेजी जाने वाली सीएमपी रिपोर्ट और केंद्र सरकार के फैसले पर टिकी हैं, जो रांची के भविष्य की दिशा तय कर सकती है,

### ब्रीफ न्यूज

#### 47 लाख रुपए के पान मसाला और टिंबर लदे दो ट्रक जब्त किए गए

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस और जीएसटी रांची की टीम ने संयुक्त अभियान में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से ओडिशा से लाए जा रहे पान मसाला और टिंबर से लदे दो ट्रकों को जब्त किया है. सिमडेगा के पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने जानकारी दी कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि ओडिशा से अवैध तरीके से पान मसाला और टिंबर ट्रक के माध्यम से लाया जा रहा है. इसके बाद जीएसटी और पुलिस टीम ने मिलकर रणनीति बनाते हुए जांच अभियान चलाया. कार्रवाई के दौरान ओडिशा की दिशा से आ रहे दो ट्रकों को रोका गया, जिनमें से एक में 42 लाख रुपये मूल्य का पान मसाला और दूसरे में 5 लाख रुपये का टिंबर पाया गया. दोनों ट्रकों को जब्त कर

#### जमशेदपुर में मेडिकल के छात्र ने खायी सल्फास की गोली, मौत

**जमशेदपुर।** मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के छात्र ने सल्फास की गोली खा ली, जिससे उसकी मौत हो गई . मृत छात्र की पहचान 21 वर्षीय दिव्यांशु पांडे के रूप में हुई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के बाद आनन-फानन में एंबुलेंस को कॉल किया गया, लेकिन लगभग 45 मिनट तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची. इसके बाद कॉलेज के अन्य छात्र दिव्यांशु की गंभीर हालत को देखते हुए प्राइवेट कार से मर्सी अस्पताल ले गए. जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उसे टीएमएच रेफर कर दिया. टीएमएच में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

#### चोरो ने 15 लाख नकद समेत जेवरात उड़ाए

**सरिया (गिरिडीह)।** सरिया थाना क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत पेठियाटांड में बीती रात चोरों ने गल्ला व्यवसायी कैलाश मंडल के घर से लगभग 15 लाख रुपये नगद और लाखों के जेवरात की चोरी हो गई. पीड़ित कैलाश मंडल ने बताया कि रोज की तरह परिवार के सभी सदस्य रात को खाना खाने के बाद सो गए थे. रात लगभग दो बजे के आसपास चोरों ने घर में धावा बोला. सुबह उठने के बाद परिवार को घटना की जानकारी मिली.

### झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में शोक प्रस्ताव पारित

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग उठी

### सदस्यों ने शिबू सोरेन की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग भी रखी

- सदस्यों ने विधानसभा व पारसनाथ की चोटी पर आदमकद प्रतिमा लगाने और नेमरा में समाधि बनाने की भी मांग रखी

**शुभम संदेश । रांची**



झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन शुक्रवार को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने 4296.62 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया. बजट प्रस्तुति के तुरंत बाद शोक प्रस्ताव पर चर्चा आरंभ हुई. इसमें दिशोम गुरु शिबू सोरेन, पूर्व मंत्री रामदास सोरेन सहित देश के अन्य दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई. अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने शिबू सोरेन के व्यक्तित्व और उनके योगदान पर विशेष प्रकाश डालते हुए उन्हें स्मरण किया.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि गुरुजी ने झारखंड की सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया. उन्होंने आदिवासी समाज और राज्य निर्माण के लिए अद्वितीय योगदान दिया, जिसकी जितनी सराहना की जाए, कम है.

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दिशोम गुरु के सामाजिक सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने आदिवासी समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ जीवन भर संघर्ष किया, खासकर नशाबंदी को लेकर उनका रुख बेहद सख्त था.

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग की और उनकी जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने का प्रस्ताव रखा. राजद नेता सुरेश पासवान ने उन्हें गरीबों का मसीहा बताते हुए कहा कि वे हमेशा वंचितों की आवाज बने रहे.

भाकपा माले के अरुप चटर्जी ने विधानसभा में शिबू सोरेन की आदमकद प्रतिमा लगाने और नेमरा में उनकी भव्य समाधि बनाने की मांग की. जदयू नेता सरयू राय ने गुरुजी को बहुआयामी व्यक्तित्व का धनी बताया और कहा कि उनके विचारों को राष्ट्रीय स्तर पर फैलाया जाना चाहिए. लोजपा नेता जनार्दन पासवान ने कहा कि गुरुजी एक विचारधारा थे, जो आनेवाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते रहेंगे. आजसू के निर्मल महतो ने राज्य को नशामुक्त घोषित करने की अपील की, ताकि गुरुजी के सपनों को साकार किया जा सके. जय राम महतो ने शिबू सोरेन के महाजनी प्रथा के विरुद्ध किए गए आंदोलन को ऐतिहासिक बताया. उन्होंने पारसनाथ की चोटी पर गुरुजी समेत कई अन्य झारखंड आंदोलनों के नेताओं की संयुक्त प्रतिमा स्थापित करने की मांग रखी.

### एटीएस की चौंकाने वाली रिपोर्ट : 285 लोग देश-विदेश के आतंकी संगठनों से जुड़े

## पाकुड़ में सबसे ज्यादा 131 संदिग्ध चिह्नित वासेपुर,धनबाद भी आतंकियों का नया अड्डा

**शुभम संदेश । रांची**




झारखंड में आतंकी गतिविधियों को लेकर एक सनसनीखेज खुलासा हुआ है. राज्य की एंटी-टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, झारखंड के 285 लोग देश और विदेश में सक्रिय प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े हुए हैं. एटीएस की रिपोर्ट खतरे की घंटी है, क्योंकि झारखंड में जिस तरह आतंकी नेटवर्क का विस्तार हो रहा है, वह केवल राज्य के लिए ही नहीं, पूरे देश की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है. सबसे ज्यादा 113 संदिग्ध पाकुड़ जिले से सामने आए हैं, जिससे यह इलाका आतंकियों के लिए एक नए सुरक्षित ठिकाने के रूप में उभरता दिख रहा है. इसके अलावा साहिबगंज से 65, रांची से 49 और जमशेदपुर से 22 संदिग्धों की पहचान हुई है. शेष संदिग्ध राज्य के अन्य जिलों से हैं.

**खतरनाक हैं सारे आतंकी संगठन :** रिपोर्ट के अनुसार, जिन आतंकी संगठनों से ये लोग जुड़े हैं, उनमें इंडियन मुजाहिद्दीन, लश्कर-ए-तैयबा, इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस), अलकायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस), हिज्ब उत-तहरीर, और जमात- उल- मुजाहिद्दीन बांग्लादेश (जेएमबी) जैसे खतरनाक संगठन शामिल हैं.

**वासेपुर (धनबाद) अब आतंकियों का नया अड्डा बनता जा रहा :** पूर्व में माफिया गतिविधियों के लिए कुख्यात वासेपुर (धनबाद) अब आतंकियों का नया अड्डा बनता जा रहा है. यहां से एटीएस ने हाल ही में पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक युवती शबनम परवीन भी शामिल है. जांच में सामने आया कि ये लोग डार्क नेट के जरिए विदेशी एजेंटों के संपर्क में थे और इनके पास से जिहादी सामग्री से भरे मोबाइल और लैपटॉप बरामद हुए हैं.

रांची से पकड़े गए डॉ. इश्तियाक अहमद, जो पेशे से रेडियोलॉजिस्ट हैं, पर अलकायदा के झारखंड मॉड्यूल को संचालित करने का आरोप है. इसी के साथ रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि जमात-उल-मुजाहिद्दीन बांग्लादेश ने पाकुड़ में युवाओं को गुप्त ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया है.

**33 से अधिक स्लीपर सेल भी सक्रिय :** एटीएस की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में 33 से अधिक स्लीपर सेल सक्रिय हैं, जो सामान्य नागरिकों की तरह रहकर आतंकी संगठनों के लिए काम कर रहे हैं. ये सेल अत्यधिक संगठित हैं और पहचान से बचने के लिए सोशल मीडिया और डार्क नेट का इस्तेमाल कर रहे हैं.

#### एटीएस की टीमें डिजिटल सबूतों की जांच में जुटीं

राज्य पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है और एटीएस की टीमें डिजिटल सबूतों की गहन जांच में जुटी हैं. अधिकारियों का कहना है कि खुफिया नेटवर्क को और मजबूत किया जा रहा है, ताकि आतंक की इस जड़ को उखाड़ा जा सके.

## सेल के बोकारो स्टील प्लांट के नए डायरेक्टर इंचार्ज बने प्रिया रंजन

**शुभम संदेश । रांची**



सेल के बोकारो स्टील प्लांट के नए डायरेक्टर इंचार्ज प्रिया रंजन होंगे. पब्लिक एंटरप्राइजेज सेलेक्शन बोर्ड ने उनके नाम की अनुशंसा शुक्रवार को कर दी. आदेश जारी होने के बाद वह पद संभालेंगे. इस पद के लिए नई दिल्ली में शुक्रवार को इंटरव्यू हुआ. इसमें नए डायरेक्टर इंचार्ज के पद पर प्रिया रंजन का चयन किया गया है. चयन प्रक्रिया शुक्रवार सुबह आठ बजे से शुरू हुई. इसमें सेल और अन्य स्टील कंपनियों के कई वरिष्ठ अधिकारियों का इंटरव्यू लिया गया. इंटरव्यू में करीब 12 उम्मीदवार शामिल हुए.

इंटरव्यू में एस सुब्बाराज (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, एलॉय स्टील्स प्लांट, दुर्गापुर), दिप्तेंदु घोष (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, इस्को स्टील प्लांट), संदीप कुमार कर (एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, आरडीसीआईएस, सेल), दिलीप कुमार मिश्रा (ईडी एवं सीओओ, सेल रिफ्रैक्टरी कंपनी लिमिटेड), राकेश कुमार (एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, सेल), मुन्ना प्रसाद सिंह (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, माइनस, राउरकेला), के सुधाकर (जीएम, आरआईएनएल), एससी चौधरी (सीजीएम, मेकॉन) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए.लंबी चयन प्रक्रिया के बाद बोर्ड ने प्रिया रंजन के नाम की सिफारिश की. वे वर्तमान में सेल में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (ऑपरेशंस) हैं, साथ ही डायरेक्टरेट ऑफ माइनस एंड लॉजिस्टिक्स का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे हैं.

### सिमडेगा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 12 किलो गांजा के साथ बिहार के दो तस्कर गिरफ्तार किए गए



**शुभम संदेश । सिमडेगा**

सिमडेगा पुलिस ने मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है. एसपी एम अर्शी को गुप्त सूचना मिली थी कि ओडिशा से एक यात्री बस के जरिए गांजा बिहार ले जाया जा रहा है. सूचना के आधार पर एसडीपीओ सिमडेगा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. टीम ने खम्मन टांड़ इंटर स्टेट चेकपोस्ट पर ओडिशा से आ रही बस को रोका और तलाशी के दौरान 12 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया. इस मामले में बिहार के रहने वाले दो तस्कर, लाल बाबू और अमित कुमार को गिरफ्तार किया गया है. दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है. एसपी ने बताया कि ऐसे अभियान से मादक पदार्थों की चपेट में आने से कई युवाओं को बचाया जा सकता है. पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि सिमडेगा के रास्ते किसी भी तरह की अवैध तस्करी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस दिशा में लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

## पलामू सेंट्रल जेल में कैदी बढ़े, 200 कैदी हजारीबाग ट्रांसफर किए जाएंगे

**शुभम संदेश । पलामू**

पलामू सेंट्रल जेल में कैदियों की संख्या क्षमता से कहीं अधिक हो जाने के कारण प्रशासन ने 200 कैदियों को हजारीबाग सेंट्रल जेल में ट्रांसफर करने का निर्णय लिया है. यह ट्रांसफर कई चरणों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत किया जाएगा. वर्तमान में पलामू जेल में लगभग 925 कैदी बंद हैं, जबकि इसकी अधिकतम क्षमता लगभग 760 कैदियों की है, जिससे अव्यवस्था उत्पन्न हो गई है. जेल में नक्सल संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप, झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा और डब्लू सिंह सहित कई अन्य कुख्यात अपराधी भी बंद हैं. जेल प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ाने के लिए आईजी और डीआईजी स्तर के अधिकारियों के माध्यम से डीसी और एसपी को पत्र भी लिखा है. जेलर आशीष कुमार ने कैदियों के ट्रांसफर की पुष्टि करते हुए बताया कि सुरक्षा के लिहाज से यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी.

#### अपहृत किशोरी बरामद, आरोपी फरार, पुलिस कर रही तलाश

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र से 15 वर्षीय किशोरी को घाघरा थाना क्षेत्र का रहनेवाला राजेश लोहरा नामक विवाहित युवक ने भगा कर हरियाणा ले गया था. घटना 25 जुलाई की बताई जा रही है. इस संबंध में किशोरी के पिता ने दो अगस्त को घाघरा थाना में राजेश लोहरा के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी. मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी पर लगातार दबाव बना रखा था. पुलिस दबाव के कारण आरोपी 19 अगस्त को किशोरी को उसके गांव के समीप छोड़कर फरार हो गया. पुलिस ने किशोरी को बरामद किया और सदर अस्पताल में उसकी मेडिकल जांच कराई. आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है.

### हजारीबाग- बोकारो के मजदूर ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड कंपनी में काम करने के लिए गए थे

## कैमरून में फंसे 19 मजदूरों को मिला बकाया वेतन, 17 को स्वदेश लौटेंगे

**शुभम संदेश । रांची**



दक्षिण अफ्रीका के कैमरून में फंसे झारखंड के सभी 19 प्रवासी मजदूरों को उनका बकाया वेतन भुगतान कर दिया गया है. इनमें से 17 मजदूरों की वतन वापसी शनिवार को सुनिश्चित हो गई है, जबकि शेष दो मजदूर 26 अगस्त को भारत लौटेंगे. बताया गया कि हजारीबाग और बोकारो के कुल 19 मजदूर काम करने के लिए कैमरून गए थे. ये मजदूर झारखंड के हजारीबाग और बोकारो जिले से ताल्लुक रखते हैं और कैमरून की ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड कंपनी में कार्यरत थे.

मिली जानकारी के अनुसार, 11 मजदूरों को चार महीने और 8 मजदूरों को दो महीने से वेतन नहीं मिल रहा था. इसके चलते उन्हें खाने-पीने तक की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था. स्थिति गंभीर होने पर मजदूरों ने सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो जारी कर भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई. यह वीडियो वायरल होने के बाद सरकार ने तत्परता दिखाई और भारतीय दूतावास की मदद से संबंधित कंपनी से बातचीत कर मजदूरों के वेतन भुगतान और सुरक्षित वापसी का रास्ता साफ किया.

**वतन लौटने वाले 17 मजदूरों के नाम इस प्रकार हैं**

**हजारीबाग (विष्णुगढ़):** आघनू सोरेन, अशोक सोरेन, चेतलाल सोरेन, महेश मरांडी, रामजी मरांडी, लालचंद मुर्मू, बुधन मुर्मू, जिबलाल मांझी

**हजारीबाग (टाटीझरिया):** छोटन बासके, राजेंद्र किस्कू

**बोकारो (गोमिया):** प्रेम टुडू, सिबोन टुडू, सोमर बेसरा, पुराण टुडू, रामजी हांसदा, विरवा हांसदा, महेंद्र हांसदा,

हजारीबाग के फूलचंद मुर्मू और बोकारो के बब्लू सोरेन की वापसी 26 अगस्त को तय की गई है.

मजदूरों की वतन वापसी की खबर सामने आने के बाद मजदूरों के परिजनों में खुशी की लहर है. उन्होंने सरकार, मीडिया और प्रवासी मजदूरों की मदद में जुटे समाजसेवी सिकंदर अली के प्रति आभार व्यक्त किया है.

### मप्र की महिला को ट्रक में बंधक बना 13 दिन से कर रहे थे ज्यादती

## पलामू पुलिस ने गैंगरेप के आरोपी यूपी के दो ट्रक चालकों को किया गिरफ्तार

**शुभम संदेश । पलामू**



मध्य प्रदेश के छतरपुर की रहने वाली एक महिला के साथ 13 दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है. मामला पलामू जिले का है, जहां पलामू पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो ट्रक ड्राइवरों को गिरफ्तार कर लिया है. दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश के रहनेवाले हैं. वहीं घटना की सूचना मिलते ही पीड़िता के परिजन भी पलामू पहुंच गए हैं. यह घटना उस समय सामने आई जब पलामू के पड़वा थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त कर रही थी. जांच के दौरान पुलिस ने एक छह-पहिया ट्रक को रोका, जिसमें एक महिला संदिग्ध हालत में मिली. मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस ट्रक को थाने ले गई.

थाने में एक महिला पुलिसकर्मी ने पीड़िता से पूछताछ की, तो सामूहिक दुष्कर्म की घटना का खुलासा हुआ. पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के रामपुर जिला के सैन्यनगर थाना क्षेत्र के नयागांव के रहने वाले सतपाल सिंह, उत्तरप्रदेश के मुरादाबाद जिला के रहने वाले ओमवीर को गिरफ्तार कर लिया. मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला साफ सफाई का काम करती थी और करीब दो महीने पहले सतपाल सिंह के साथ उसका परिचय हुआ था.

पड़वा के थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि पीड़िता को सात अगस्त को ट्रक ड्राइवरों ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर दिया था, इसके बाद दोनों ने मिलकर महिला के साथ दुष्कर्म किया और उसे ट्रक में बंधक बनाकर रखे रहा, इस दौरान दोनों 13 दिनों तक लगातार पीड़िता के साथ दुष्कर्म करता रहा.

‘स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025’ : केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने युवाओं को बताया नवभारत का निर्माता

# विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने में युवाओं की भूमिका अहम

**शुभम संदेश। रांची**

सरला बिरला विश्वविद्यालय एवं सरला बिरला पब्लिक स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025' के दूसरे दिन शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि “स्वर्णिम भारत एक्सपो' जैसे आयोजन हमारी भावी पीढ़ी को नए विचारों, तकनीकी नवाचार और उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करते हैं. उन्होंने कहा कि देखकर संतोष होता है कि देश के विभिन्न संस्थान, उद्योग और स्टार्टअप्स एक मंच पर आकर विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए कार्य कर रहे हैं. युवाओं की सक्रिय भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि आनेवाला भारत आत्मनिर्भर, सक्षम और नवाचार-प्रधान होगा.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कुमार राय ने विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार के संकल्प और विचारों के साथ कदमताल करने की आवश्यकता पर जोर दिया. इस भूमिका में उन्होंने युवाओं की भागीदारी को महत्त्वपूर्ण करार दिया. स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब उन्होंने शिकागो में जाकर भारतीय चिंतन, संस्कृति, जीवन मूल्यों और दर्शन का डंका बजाया, तब दुनिया ने भारत का लोहा माना. उसी तरह शंकराचार्य, अब्दुल कलाम आजाद के





विचारों और योगदान को आत्मसात् करने की भी बात उन्होंने कही. साइबर क्राइम जैसे अपराधों से हिन्दुस्तान का लक्ष्य पूरा नहीं होगा, बल्कि हमें देश को बनाने में हमारी भूमिका पर चिंतन करने से होगा. प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी को अपनाने के साथ समाज, परिवार और कुटुम्ब में आत्मीयता के साथ एक नए अध्याय गढ़ने की आवश्यकता की बात उन्होंने की. युवाओं से अपने इतिहास को जानकर देश के भविष्य के प्रति जागरूक होने का उन्होंने आह्वान किया.

मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने उनके राजनीतिक और सामाजिक योगदान की चर्चा की. उन्होंने एक्सपो के आयोजन में परिचित फाउंडेशन के तरुण जैन की सराहनीय भूमिका की चर्चा की. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री ने जिस स्वर्णिम भारत का सपना भारतीयों को दिखाया है, उसे साकार करने के लिए समूचा राष्ट्र कृतसंकल्प है. मेक इन इंडिया को प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' के अहम भाग के तौर पर उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 2014 के बाद भारत में बनने वाले मोबाइल फोन और अन्य गैजेट्स की संख्या भी बढ़ी है. देश के खाद्यान्नों और स्रोतों का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि जल्द ही हम 2047 तक विकसित भारत की यात्रा को पूरा कर लेंगे.

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने विकसित भारत में युवाओं की भूमिका की चर्चा करते हुए आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के प्रधानमंत्री के प्रयासों पर अपने विचार रखे. भारत की गौरव शाली परंपरा को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आज राष्ट्र पुनर्निर्माण के युग में है और इस स्वर्णिम परिवर्तन की बागडोर युवा के हाथ में है. अतएव युवाओं को मजबूत संकल्प के साथ अपना कार्य करना होगा. उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रतिभागियों से संवाद किया और भारत की प्रगति की दिशा में युवाओं के योगदान की सराहना की. इस अवसर पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन व सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या मनीषा शर्मा भी उपस्थित थीं. एक्सपो के आयोजन पर विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान ने हर्ष व्यक्त किया है.

## मंत्री संजय सेठ ने गरुड़ एयरोस्पेस रक्षा सुविधा का उद्घाटन किया



**शुभम संदेश। रांची**

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को चेन्नई में गरुड़ एयरोस्पेस रक्षा सुविधा का उद्घाटन किया और ईसीआर में उन्नत रक्षा ड्रोन तकनीक पार्क की आधारशिला रखी. मंत्री ने गरुड़ द्वारा निर्मित 5 नए युग के ड्रोन का अनावरण भी किया, पहली मोबाइल रक्षा एमआरओ वैन को हरी झंडी दिखाई, सेना के लिए निःशुल्क ड्रोन पायलट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश का समर्थन करने वाले गरुड़ ड्रोन पायलटों को पुरस्कृत किया. इससे पहले अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) की स्मृति मंदिर में सेना के अमर वीर बलिदानियों को मंत्री संजय सेठ ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर बलिदानी सैनिकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की.

## सेवानिवृत्त जस्टिस नवनीत कुमार बने झारखंड विद्युत नियामक आयोग के नए अध्यक्ष

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस नवनीत कुमार को झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग (जेएसईआरसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. उनकी नियुक्ति ऊर्जा विभाग द्वारा राज्यपाल के आदेश से की गई है. जस्टिस कुमार इस पद पर कार्यभार ग्रहण की तिथि से पांच वर्षों के लिए या 65 वर्ष की उम्र पूरी होने तक, जो भी पहले हो, सेवा में रहेंगे.उल्लेखनीय है कि आयोग के अध्यक्ष का पद जून 2024 से रिक्त था. तब से आयोग के दो सदस्य, अतुल कुमार और महेंद्र प्रसाद ही टैरिफ सहित अन्य निर्णय ले रहे थे. आयोग राज्य में बिजली आपूर्ति, उत्पादन और वितरण से जुड़ी कंपनियों का नियमन करता है और उपभोक्ता शिकायतों की सुनवाई भी करता है.

### जून 2024 से खाली था पद







### कौन हैं जस्टिस नवनीत कुमार

जस्टिस नवनीत कुमार झारखंड की न्यायपालिका में एक प्रतिष्ठित नाम हैं. उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा रांची के संट जॉन्स हाई स्कूल से, और उच्च शिक्षा संट जेवियर्स कॉलेज, रांची से भौतिकी विषय में प्राप्त की. इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर से एलएलबी और फिर एलएलएम की डिग्री हासिल की. लगभग 10 वर्षों तक दिल्ली और पटना उच्च न्यायालयों में अधिवक्ता के रूप में प्रैक्टिस करने के बाद वे 2001 में झारखंड की उच्च न्यायिक सेवा में शामिल हुए. उनका न्यायिक सफर अतिरिक्त न्यायिक आयुक्त, रांची से शुरू होकर ओएसडी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायिक अकादमी में वरिष्ठ संकाय सदस्य, झालसा में सदस्य सचिव, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश और लोहरदगा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जैसे महत्वपूर्ण पदों तक पहुंचा.

## रिम्स में चाय पीते ही बेहोश हुईं महिला डॉक्टर, क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती

- बरियातू थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी

**शुभम संदेश। रांची**

रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में उस वक्त हड़कंप मच गया जब महिला एवं प्रसूति रोग विभाग में कार्यरत पीजी फर्स्ट ईयर की छात्रा डॉक्टर अरुणा चाय पीने के तुरंत बाद अचानक बेहोश हो गईं. घटना के बाद उन्हें तुरंत ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां से अब उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए क्रिटिकल केयर यूनिट में शिफ्ट कर दिया गया है. चाय पीने के बाद अचानक हुई इस घटना को लेकर रिम्स प्रबंधन ने आंतरिक जांच शुरू कर दी है, वहीं सूचना मिलने पर बरियातू थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चाय कैंटीन से मंगाई गई थी, जिसे सबसे पहले डॉक्टर अरुणा ने पिया था. फिलहाल उनकी हालत नाजुक बनी हुई है और डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है.

## कांके के पूर्व अंचलाधिकारी जयकुमार राम का निधन

**शुभम संदेश। रांची**



कांके के पूर्व अंचलाधिकारी जयकुमार राम का शुक्रवार को निधन हो गया. राम लंबे समय से चल रहे बीमार चल रहे थे.बता दें कि उन पर जमीन घोटाले की जांच कर रहे ईडी अधिकारियों को मैनेज करने के लिए 5.71 करोड़ रुपए की डील का आरोप लगा था. इस पूरे प्रकरण को लेकर वे चर्चा में रहे थे.

## अवैध संबंध बना हत्या की वजह, पत्नी और प्रेमी ने मिलकर की हत्या, 8 घंटे में केस सुलझाया

**शुभम संदेश। रांची**

रांची के पिठौरिया थाना क्षेत्र में लुम्बा उरांव हत्याकांड का पुलिस ने महज 8 घंटे में खुलासा कर दिया है. इस मामले में मृतक की पत्नी गीता देवी और उसके प्रेमी इरफान अंसारी को गिरफ्तार किया गया है. दोनों ने जुर्म कबूल कर लिया है. डीआईजी सह सपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गीता और इरफान का पिछले 8 वर्षों से अवैध संबंध था. डेढ़ साल से गीता पति को छोड़ प्रेमी संग रह रही थी. पति लुम्बा को जब इस रिश्ते की जानकारी हुई, तो वह विरोध करने लगा. इसी विरोध से परेशान होकर दोनों ने हत्या की साजिश रची.प्लान के अनुसार 20 अगस्त को इरफान ने लुम्बा को अमूल कूल में नशीला पदार्थ और फिर शराब में नींद की गोली मिलाकर बेहोश कर दिया. इसके बाद अपनी कार (जेएस01डीए-4186) में गला घोंटकर हत्या कर दी और शव मौवनाजारा-सिमलबेड़ा रोड पर फेंक दिया. डीआईजी के निर्देश पर बनी एसआईटी ने दोनों आरोपियों को गुरुवार को ही गिरफ्तार कर लिया. वारदात में इस्तेमाल की गई कार, बाइक, शराब की बोतलें, मोबाइल और नींद की गोलियां बरामद की गई हैं. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है.

## रांची के जिला स्कूल मैदान में भुज के स्वामीनारायण मंदिर की तर्ज पर बनेगा श्री रामलला पूजा समिति का दुर्गापूजा पंडाल

**शुभम संदेस। रांची**



श्री राम लला पूजा समिति की ओर से शुक्रवार को जिला स्कूल मैदान में पंडाल निर्माण कार्य शुरू हुआ. पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया. भूमि पूजन सह खूंटी पूजन का आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी, महासचिव कुणाल अजमानी, प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत और अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत संपन्न होने के साथ पंडाल निर्माण कार्य भी आरंभ हुआ. राजधानी रांची में इस बार यहां दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को गुजरात के भुज स्थित प्रसिद्ध स्वामीनारायण मंदिर की तर्ज पर मां दुर्गा के पंडाल का स्वरूप देखने को मिलेगा. यह जानकारी समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने दी. उन्होंने बताया कि कोलकाता के 100 कारीगर इस भव्य पंडाल को आकार देंगे. संगमरमर जैसी चमक लिए सफेद पंडाल में स्तंभ, शिखर और अन्य शिल्पकारी भुज मंदिर की तर्ज पर गढ़ी जाएगी. चौधरी ने बताया कि अद्भुत और अलौकिक सौंदर्य से परिपूर्ण यह पूजा पंडाल इस बार भी पूरे झारखंड में सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र बनेगा. भक्तों की सुविधा के लिए पंडाल में सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं. विशेष लाइटिंग देशभर से मंगाई गई है, जो रंग-बिरंगे सजावटी माहौल को और भव्य बनाएगी. विशाल और अलौकिक प्रतिमा के साथ मां भवानी का दरबार श्रद्धालुओं के लिए अभूतपूर्व अनुभव लेकर आएगा.

भूमि पूजन के शुभ अवसर में प्रकाश धेलिया, विकास सिंह, डॉ दिलीप सोनी, शंभू प्रसाद, निर्मल जालान, दीपक चौधरी, बादल सिंह, कमलेश शर्मा, महेश सोनी, भाविन राठौर, दिलीप जायसवाल, प्रेमचंद श्रीवास्तव, अनिल चौधरी, शुभम शर्मा, स्पर्श चौधरी, अभिषेक चौधरी, कृष्णा अग्रवाल, रंजन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे.

## बख्शे नहीं जायेंगे टैक्स डिफॉल्टर्स

रांची। रांची नगर निगम ने शहर के बड़े कर बकायादारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शीर्ष 500 बकायादारों की सूची जारी की है. यह सूची निगम की आधिकारिक वेबसाइट www.ranchimunicipal.com पर उपलब्ध है. निगम प्रशासन ने सभी बकायादारों को निर्देश दिया है कि वे अपने लंबित कर का भुगतान सूचना जारी होने की तिथि से 10 दिनों के भीतर करें. यदि इस समय सीमा के भीतर कर का भुगतान नहीं किया गया, तो बकायादारों के खिलाफ झारखंड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा 184 के तहत कार्रवाई की जाएगी. नगर निगम ने चेतावनी दी है कि समय पर कर न चुकाने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे. इसमें बकाया राशि की वसूली के साथ-साथ संपत्ति कुर्की और अन्य कानूनी कार्रवाई भी शामिल हो सकती है. रांची नगर निगम के प्रशासक ने इसे अंतिम चेतावनी बताया है और कहा है कि निगम अब बकाया कर वसूली को लेकर सख्ती बरतेगा. उन्होंने कहा कि कर अदायगी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी,.

## ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट सीएम को सौंपी गई, ओबीसी मतदाताओं का वर्चस्व

**शुभम संदेश रांची**

पिछड़ा वर्ग आयोग ने गुरुवार को ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी है. आयोग की ओर से यह रिपोर्ट नगर विकास विभाग को भी भेजी जाएगी. रिपोर्ट में राज्य के 48 शहरी निकाय क्षेत्रों में मतदाता वर्गों का विस्तृत विश्लेषण किया गया है, जिसके अनुसार ओबीसी मतदाताओं का वर्चस्व है.

**रिपोर्ट के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में मतदाता वर्ग का प्रतिशत इस प्रकार है:**

सामान्य वर्ग: 34.82%

बीसी-1: 31.36%

बीसी-2: 14.34%

अनुसूचित जाति (एससी): 11.24%

अनुसूचित जनजाति (एसटी): 8.24%

यह रिपोर्ट संत जेवियर कॉलेज, रांची के प्राचार्य रॉबर्ट प्रदीप कुजूर द्वारा आयोग को सौंपी गई थी, जिसे बाद में आयोग ने मुख्यमंत्री को प्रस्तुत किया. आयोग अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने रिपोर्ट को तैयार करने में सहयोग देने के लिए संत जेवियर कॉलेज की टीम की सराहना की. उन्होंने कहा कि ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, जिससे शहरी निकाय चुनावों पर मंडरा रहा असमंजस अब समाप्त हो गया है. अब राज्य सरकार आगे की चुनावी प्रक्रिया पर निर्णय लेगी.

**जिलावार आंकड़े: कौन किस क्षेत्र में सबसे आगे**

बीसी-1 मतदाता:

सर्वाधिक: राजमहल – 58.1%

न्यूनतम: सिमडेगा – 15.16%

बीसी-2 मतदाता:

सर्वाधिक: धनवार – 28.34%

न्यूनतम: कपाली – 0.1%

एसटी मतदाता:

सर्वाधिक: सिमडेगा – 46.39%

न्यूनतम: डोमचांच – 0.03%

एससी मतदाता:

सर्वाधिक: हरिहरगंज (पलामू) – 26.98%

न्यूनतम: कपाली – 0.69%

सामान्य वर्ग मतदाता:

सर्वाधिक: मानगो – 59.24%

न्यूनतम: खूंटी – 17.49%

## एक नजर

### 15वीं पुण्यतिथि पर याद किये गए प्रमुख समाजसेवी और कांग्रेस नेता स्व नारायण प्रजापति



**रांची।** प्रमुख समाजसेवी व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्वर्गीय नारायण प्रजापति की 15 वीं पुण्यतिथि कुम्हार टोली चूना भट्टा स्थित प्रजापति भवन में मनाई गई. राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों के साथ मोहल्ला के लोग शामिल हुए. लोगों ने स्व नारायण प्रजापति की तसवीर पर पुष्म-माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. मौके पर समाजसेवी विक्रांत विश्वकर्मा, प्रेम वर्मा, सुरेश गोप ने कहा कि जो सम्मान और स्थान इस क्षेत्र में नारायण प्रजापति को मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला. समाज के सभी लोगों को यह सामूहिक प्रयास करना चाहिए कि उन्हें क्षेत्र में उचित स्थान और सम्मान दिया जाए, क्योंकि इस क्षेत्र के विकास में उनकी भूमिका काफी अहम रही है. मौके पर नारायण प्रजापति के पुत्र कौशल आनंद, बहू मोनिका देवी, भतीजा एच मयूख, सुरेश गोप, प्रेम वर्मा, जगदीश वर्मा, अजय सिंह, भोला चौधरी, दिल्लू प्रजापति, राजेश प्रजापति, राजन प्रजापति, शैलेंद्र प्रजापति, सीताराम प्रजापति, वासुदेव प्रजापति, सूरज कुमार, प्रताप कुमार, विक्रांत विश्वकर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे.

### कोकर इंडस्ट्रियल एरिया गेट नंबर 2 के पास 27 अगस्त से गणेश पूजा का आयोजन



**रांची।** रांची के कोकर इंडस्ट्रियल एरिया गेट नंबर 2 में इस वर्ष भी भव्य गणेश पूजा का आयोजन 27 अगस्त से 30 अगस्त तक किया जा रहा है. पूजा समिति के मीडिया प्रभारी रोहित सिंह ने बताया कि 27 अगस्त को गणेश पूजा की शुरुआत होगी, 28 महाभंडारा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें क्षेत्र के लोगों को प्रसाद वितरित किया जायेगा. 29 अगस्त को भंडारा में खिचड़ी का वितरित किया जाएगा. 30 अगस्त को गाजा-बाजा के साथ विसर्जन शोभा यात्रा निकाली जाएगी. इसके साथ ही पूजा का समापन होगा. मीडिया प्रभारी ने कहा कि स्थानीय लोगों में गणेश पूजा को लेकर काफी उत्साह है. लोग पूजा समिति के साथ मिलकर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं. पूजा समिति का उद्देश्य गणेश पूजा धूमधाम से मनाना और क्षेत्र में शांति और सौहार्द का वातावरण बनाए रखना है. पूजा समिति के मीडिया प्रभारी रोहित सिंह ने बताया कि गणेश पूजा को सफल बनाने के लिए पूजा समिति के सभी सदस्य तन,मन, धन से लगे हुए हैं. पूजा समिति द्वारा भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे.

### ज्योति संगम दुर्गा पूजा समिति के पूजा स्थल में बदलाव, बालकृष्णा स्कूल में होगा आयोजन



**रांची।** रांची की प्रतिष्ठित ज्योति संगम दुर्गा पूजा समिति ने इस वर्ष दुर्गा पूजा के आयोजन स्थल में बदलाव की घोषणा की है. समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने बताया कि हर साल अपर बाजार स्थित मारवाड़ी हाई स्कूल में दुर्गा पूजा का आयोजन होता था. लेकिन स्कूल में भवन निर्माण कार्य चल रहा है. ऐसे में इस बार दुर्गा पूजा का आयोजन कोतवाली थाना रोड स्थित बालकृष्णा स्कूल के मैदान में किया जाएगा, जो जैन मंदिर के ठीक सामने स्थित है.

## पारस हॉस्पिटल, एचईसी में 24 अगस्त को लगेगा निःशुल्क हेल्थ कैंप



**रांची।** पारस हॉस्पिटल एचईसी में रविवार 24 अगस्त को निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है. कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक लगेगा. इस कैंप में सभी विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों को निःशुल्क ओपीडी परामर्श प्रदान किया जाएगा. निःशुल्क सेवाएं के तहत मरीजों को बीपी, आरबीएस, ईसीजी, बीएमडी, पीएफटी आदि जांच की सुविधा दी जाएगी. इसके अलावा अन्य डायग्नोस्टिक एवं लैब टेस्ट पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। कैंप का लाभ उठाने के लिए पोन नंबर 8080808069 पर पंजीकरण कराना होगा. यह जानकारी पारस हॉस्पिटल के फैसिलिटी निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि पारस हॉस्पिटल एचइसी में कटे होठ एवं कटे तालु का इलाज निःशुल्क किया जाता है. हॉस्पिटल का उद्देश्य है कि आम जनता को समय-समय पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाए और उन्हें प्राथमिक जांच की सुविधाएं दी जाएं, जिससे बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सके. मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि मरीजों के प्रति अपनी जिम्मेवारी को समझते हुए पारस हॉस्पिटल हमेशा निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन करता रहता है.

नई उत्पाद नियमावली 2025 के तहत 150 खुदरा दुकानों की ई-लॉटरी से हुई बंदोबस्ती

## 1752 आवेदकों ने भाग लिया, सरकार को 6.18 का राजस्व मिला

**शुभम संदेश। रांची**





रांची समाहरणालय सभागार में नई उत्पाद नियमावली -2025 के तहत रांची जिले की 150 खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती प्रक्रिया ई-लॉटरी प्रणाली के जरिए सफलतापूर्वक पूरी की गई. मौके पर अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, सहायक उत्पाद आयुक्त अरुण कुमार मिश्रा तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

बंदोबस्ती के लिए दुकानों को 87 समूहों में बांटा गया और प्रक्रिया की शुरुआत उन तीन दुकानों से हुई, जिनके लिए सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे. लॉटरी डेमो के माध्यम से प्रारंभिक चयन के बाद सभी आवेदकों की मौजूदगी में ऑनलाइन ई-लॉटरी के जरिए शेष दुकानों का चयन पारदर्शी तरीके से किया गया. प्रत्येक दुकान के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेता घोषित किए गए, जहां प्रथम विजेता यदि निर्धारित राशि जमा नहीं करता है तो क्रमशः द्वितीय और तृतीय विजेता को मौका दिया जाएगा.

इस प्रक्रिया में कुल 1752 आवेदकों ने भाग लिया और सरकार को आवेदन शुल्क के रूप में 6.18 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व प्राप्त हुआ. पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी रही, जिसमें ऑनलाइन प्रणाली ने अहम भूमिका निभाई. संबंधित अधिकारियों एवं आवेदकों की उपस्थिति में बंदोबस्ती को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया.

### जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति की प्रधान सचिव ने की गहन समीक्षा, बोलीं

# योजनाओं को हर हाल में तय समय सीमा पर पूरा किया जाए

- कार्य में लापरवाही पर दी चेतावनी

शुभम संदेश ।लातेहार



झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव मस्त राम मीणा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-2 के अंतर्गत संचालित योजनाओं और गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई. यह समीक्षा बैठक लातेहार समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई, जिसमें योजनाओं की प्रगति, चुनौतियों और सुधारात्मक उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई.

बैठक में फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन (एफएचटीसी) की वर्तमान स्थिति, विलेज वॉटर एंड सेनिटेशन कमिटी (वीडब्ल्यूएससी) के गठन, जल सहिया द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण, योजनाओं की जियो टैगिंग और अब तक छूटे हुए घरों को योजना से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई. प्रधान सचिव ने उन प्रखंडों में योजनाओं की धीमी प्रगति पर गहरी चिंता जताई, जहां कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नहीं हो रहा है. उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्यों को तय समय सीमा में हर हाल में पूर्ण किया जाए, ताकि जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके. उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं की जियो टैगिंग अनिवार्य रूप से पूरी की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे.

समीक्षा के दौरान प्रधान सचिव मस्त राम मीणा ने सख्त लहजे में कहा कि जो संवेदक समय पर कार्य पूरा नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए. साथ ही, उन्होंने जल जीवन मिशन की प्रगति में लापरवाही बरतने वाले कनीय अभियंताओं (JE) को भी सख्त चेतावनी दी और भविष्य में कार्य में शिथिलता बरतने पर कार्रवाई की बात कही. उन्होंने जल गुणवत्ता परीक्षण को लेकर विशेष रूप से कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि योजना का मूल उद्देश्य हर ग्रामीण परिवार को शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है, इसलिए गुणवत्ता जांच में कोई भी चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी. जल सहिया द्वारा किए जा रहे जल परीक्षण की नियमित मॉनिटरिंग और रिपोर्टिंग को पारदर्शी तरीके से दस्तावेजित करने पर जोर दिया गया. बैठक के उपरांत प्रधान सचिव ने लातेहार जिले के पेयजल एवं स्वच्छता कार्यालय परिसर में सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम के तहत सीजीएलएम के अंतर्गत द्वितीय पृथक्करण केंद्र का उद्घाटन किया. इसके साथ ही उन्होंने एक बुनियादी विद्यालय में सीग्रेजेशन मशीन का भी शुभारंभ किया. इसके पश्चात उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित बहुउद्देशीय भवन में एसएलआरएम कार्यक्रम के तहत संचालित तृतीयक पृथक्करण केंद्र का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने दीदियों से केंद्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और उनके बीच मानदेय स्वरूप चेक भी वितरित किए.

इस समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के अभियान निदेशक रमेश घोलप, स्वच्छ भारत मिशन के निदेशक मनोहर मरांडी, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, मुख्य अभियंता अनिल प्रसाद, सीडीओ प्रभात कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता राजमोहन सिंह तथा कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. बैठक का उद्देश्य योजनाओं की प्रगति को तेज करना, पारदर्शिता बढ़ाना और ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल सुविधा से जोड़ना रहा, जिसमें अधिकारियों को समयबद्ध और जवाबदेह कार्य प्रणाली अपनाने के लिए निर्देशित किया गया.

## पेंशन योजना को लेकर एक दिनी कार्यशाला का आयोजन



शुभम संदेश ।बरवाडीह (लातेहार)

प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को केंद्रीय पेंशन योजना के सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम की तैयारी और समुचित भागीदारी को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला का संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, बीडीओ रेखा रेशमा मिंज, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, सोशल ऑडिट टीम के डीआरपी प्रवीण कुमार कर्ण तथा अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने किया.

कार्यशाला के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी रेखा रेशमा मिंज ने बताया कि केंद्र सरकार की सभी पेंशन योजनाओं का पंचायत स्तर पर सामाजिक अंकेक्षण अनिवार्य है. उन्होंने कहा कि अंकेक्षण दल के साथ-साथ पंचायत के सभी कर्मियों को पूरी ईमानदारी के साथ इस प्रक्रिया में भाग लेना होगा, ताकि योग्य और अयोग्य लाभुकों की सही पहचान हो सके. सोशल ऑडिट टीम के डीआरपी प्रवीण कुमार कर्ण ने भी इस प्रक्रिया की अहमियत पर जोर देते हुए बताया कि सोशल ऑडिट के माध्यम से केंद्र की पेंशन योजना में नियमों के विपरीत जो लाभार्थी जुड़ गए हैं, उन्हें चिन्हित कर हटाया जाएगा. उन्होंने कहा कि यह काम पंचायत स्तर की जनसुनवाई के माध्यम से पारदर्शिता के साथ किया जाएगा.

कार्यशाला में मुखिया कालो देवी, आशीष सिंह, बुधेश्वर सिंह, पूनम देवी, जितेंद्र सिंह, शत्रोहन सिंह सहित पंचायत सेवक संजीव कुमार, विजय शंकर राम तथा सभी जलसहिया, आंगनवाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया समेत अन्य संबंधित कर्मी मौजूद थे. उन्होंने भी इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया. इस कार्यशाला का उद्देश्य सामाजिक अंकेक्षण को प्रभावी और पारदर्शी बनाना तथा पेंशन योजनाओं के सही लाभार्थियों को सुनिश्चित करना है, जिससे शासन-प्रशासन की योजना लाभप्रद और न्यायसंगत हो सके.

### खाद की कालाबाजारी पर सख्ती, एसडीओ ने कहा

# निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूलनेवालों पर होगी कार्रवाई

शुभम संदेश ।हुसैनाबाद



पलामूः इस बार खेतों में धान की अच्छी फसल होने के बावजूद खाद की कालाबाजारी ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के कई खाद विक्रेताओं पर आरोप हैं कि वे कृत्रिम किल्लत बनाकर किसानों को इधर-उधर भटकने को मजबूर कर रहे हैं. किसानों ने शिकायत की है कि कई दुकानदार जानबूझकर खाद अपने गोदामों में नहीं रखते, बल्कि बड़े व्यापारियों के गोदामों में यूरिया खाद जमा करवा देते हैं, ताकि बाद में उसे ऊंचे दामों पर बेच सकें.

किसानों का कहना है कि हुसैनाबाद और हैदरनगर क्षेत्र में खाद की खुलेआम कालाबाज़ारी हो रही है. इफको डीएपी खाद, जिसका अधिकतम मूल्य 1350 रुपये प्रति 50 किलो निर्धारित है, उसे 1700 रुपये में बेचा जा रहा है. वहीं यूरिया खाद, जिसका निर्धारित मूल्य 266.50 रुपये प्रति 45 किलो है, वह 350 से 400 रुपये में किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है. इस वजह से किसानों को खाद खरीदने में काफी परेशानी और भागदौड़ करनी पड़ रही है.

व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने बताया कि जल्द ही डाल्टनगंज में खाद का नया रेक आएगा, जिससे क्षेत्र में खाद की किल्लत दूर हो जाएगी.

खाद की कालाबाजारी की बढ़ती शिकायतों के बाद हुसैनाबाद अनुमंडलाधिकारी एवं एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता ने गुरुवार को चार खाद दुकानों का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानों में अनियमितताएं पाई गईं. एसडीओ ने सभी खाद विक्रेताओं को कड़ा निर्देश देते हुए कहा है कि वे केवल निर्धारित दर पर ही खाद किसानों को उपलब्ध कराएं. उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई दुकानदार निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर खाद बेचते पाया गया, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

साथ ही एसडीओ ने किसानों से अपील की है कि यदि किसी विक्रेता द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने की शिकायत मिले तो वे तुरंत इसकी सूचना एसडीओ कार्यालय या प्रखंड कृषि पदाधिकारी को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके.

इससे एक दिन पहले, बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा और दंडाधिकारी आनंद झा ने भी चार खाद दुकानों का निरीक्षण कर दुकानदारों को सही मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था.

## कार्यशाला के माध्यम से दी जा रही जानकारी सराहनीय : खलखो

शुभम संदेश ।मेदिनीनगर



नीपी विश्वविद्यालय हिंदी विभाग व जीएलए कॉलेज हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्नातकोत्तर सेमेस्टर-4 (सत्र2022-24) के विद्यार्थियों के लिए 'लघु शोध प्रबंध लेखन' पर का कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में मुख्य रूप से कालेज के प्राचार्य डॉ. आईजे खलखो, कालेज के परीक्षा नियंत्रक डॉ. खुर्शीद आलम, हिंदी विभागाध्यक्ष (यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट) डॉ. मनोरमा सिंह व हिन्दी विभागाध्यक्ष (जीएलए कॉलेज) डॉ. विभा शंकर उपस्थित थे. प्राचार्य डॉ. खलखो ने कहा कि कार्यशाला में लघु शोध लेखन संबंधी दी जा रही जानकारी सराहनीय है. उन्होंने कहा कि शोध की गुणवत्ता से किसी भी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की गुणवत्ता जुड़ी हुई होती है. जितने अधिक उच्च कोटि के शोध कार्य होंगे विश्वविद्यालय की गरिमा उतनी ही अधिक बढ़ेगी. हिंदी विभागाध्यक्ष (यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट) डॉ. मनोरमा सिंह ने लघु शोध तैयार करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की. साथ ही मात्राओं की शुद्धि पर विशेष ध्यान देने की बात कही. डॉ. विभा शंकर ने लघु शोध लिखने की प्रक्रिया संबंधी विस्तृत जानकारी साझा करते हुए विषय चयन, उपलब्ध सामग्रियों, साहित्यिक चोरी एवं शोध निष्कर्ष तक की चर्चा की. डॉ. खुर्शीद आलम ने छात्रों के स्वाध्याय पर बल देते हुए 'रिसर्च क्या है एवं इसके लिए सामग्री की उपलब्धता' पर चर्चा की. साथ ही उन्होंने छात्रों से दैनिक जीवन में हिंदी की उपयोगिता को प्राथमिकता देने की बात कही. कार्यशाला में आरती कुमारी, शाल्वी तिवारी, सोनम मिश्रा, श्रेया, सबनम तिर्की, खुशबू टोप्पो, काजल, पंकज सहित कार्यशाला में सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे.

### सोहसा बस और बाइक की टक्कर, बाइक सवार घायल

**बरवाडीह (लातेहार)** छिपादोहर थाना क्षेत्र के केड़ गांव के शिव बेल के पास शुक्रवार सुबह लगभग 10:30 बजे सोहसा बस (जेएच 03 वाई – 5151) ने बाइक सवार संदीप ठाकुर (32) को टक्कर मार दी. संदीप ठाकुर, जो छिपादोहर के निवासी और रामलाल ठाकुर के पुत्र हैं, बाइक से डालटनगंज जाने के लिए निकले थे. तभी विपरीत दिशा से आ रही बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी. इस घटना में संदीप गंभीर रूप से घायल हो गए. ग्रामीणों ने तुरंत छिपादोहर थाना को सूचना दी, जिसके बाद 108 एम्बुलेंस द्वारा उन्हें बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया. वहां डॉ. विवेकानंद कुमार ने उनका प्राथमिक इलाज किया और बेहतर उपचार के लिए उन्हें डालटनगंज एमएमसीएच अस्पताल रेफर कर दिया. डॉक्टर ने बताया कि संदीप के चेहरे पर गंभीर चोट आई है और उन्हें तत्काल बेहतर इलाज की आवश्यकता है. थाना प्रभारी यकीन अंसारी ने बताया कि पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंच गई है और पूरे मामले की जांच की जा रही है.

### जमीन स्तर पर मजबूत होगी कांग्रेस पार्टी

## बिट्टू पाठक ने किया संगठन सृजन अभियान का आगाज



**मेदिनीनगर** । संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत पाटन प्रखंड के शोले, सिरमा, कांके कला, राजहरा और सुठा पंचायतों में कांग्रेस की कमेटी एवं ब्लॉक लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति की गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक उपस्थित थे. जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि कांग्रेस की मजबूती के लिए यह संगठन सृजन अभियान बेहद महत्वपूर्ण है. जमीनी स्तर पर मजबूत संगठन के बिना किसी भी राजनीतिक सफलता की कल्पना नहीं की जा सकती. उन्होंने पंचायतों में कमेटी गठन को कांग्रेस को मजबूत करने का जरिया बताया और कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व को मजबूत बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है. उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के शासन में गरीब और मध्यम वर्ग खुशहाल रहता है, जबकि भाजपा के शासन में केवल बड़े पूंजीपति ही लाभान्वित होते हैं. कार्यक्रम में प्रखंड पर्यवेक्षक ईश्वरी प्रसाद सिंह, नगर पर्यवेक्षक शैलेश चंद्रवंशी, मजदूर जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे.

**परेशानी** पांडू से मुसीखाप होते हुए विश्रामपुर और नावा बाजार को जोड़नेवाली सड़क कर हाल बेहाल

# अधूरा डायवर्सन बना मुसीबत, आवागमन में परेशानी

रामपूजन सिंह।पलामू



पलामू जिले के पांडू से मुसीखाप होते हुए विश्रामपुर और नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली निर्माणाधीन पक्की सड़क फिलहाल लोगों के लिए राहत की बजाय मुसीबत बन गई है.

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रही इस सड़क में, पांडू मुख्यालय के आगे ज्ञान निकेतन स्कूल के पास कच्चा और अधूरा डायवर्सन बरसात में परेशानी का कारण बन रहा है.

लगातार बारिश के कारण गीली मिट्टी और कीचड़ में छोटे-बड़े वाहन फंस जा रहे हैं, जिससे घंटों तक जाम की स्थिति बन जाती है. खासकर स्कूली बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचने में दिक्कत हो रही है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है. पूजा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा बनाए जा रहे इस सड़क निर्माण में ग्रामीणों ने अनियमितता की शिकायत भी की है. विश्रामपुर के घासीदाग, जमारी, सोहदाग, कौड़िया और भुखला जैसे गांवों के लोग रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पांडू आते हैं, लेकिन अधूरे डायवर्सन के कारण उन्हें भीषण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

### सहायक अध्यापकों ने शहादत दिवस मनाया

**लातेहार**। सहायक अध्यापक स्व मुनेश्वर सिंह (कोलेबिरा, सिमडेगा) के पुण्य तिथि को पारा शिक्षकों ने शहादत दिवस के रूप में मनाया लातेहार जिला अध्यक्ष अतुल सिंह एवं महासचिव अनूप कुमार ने कहा कि 2007 के आंदोलन के क्रम में मुनेश्वर सिंह पुलिस के लाठी से घायल हो गए थे. बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी. उन्होंने कहा कि 2007 से 2025 के बीच लगभग पांच सौ से ज्यादा पारा शिक्षक इस दुनिया को छोड़ चुके है, लेकिन दुख के साथ कहना है कि पहले की या वर्तमान सरकार आज तक हम सभी पारा शिक्षकों के साथ न्याय नहीं कर सका है। सुप्रीम कोर्ट का भी मानना है कि एक ही कार्य लेने वालों से जमीन आसमान का फर्क रखना न्यायसंगत नहीं है. 20 वर्ष से भी ज्यादा समय से अल्प मानदेय में कार्य करने वाले मूल निवासी पारा शिक्षकों के साथ अब तो न्याय किया जाना चाहिए.

## एक नजर

### पांडू प्रखंड में सोना-सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी का वितरण, ग्रामीणों में उत्साह



**पांडू (पलामू)** । पांडू प्रखंड अंतर्गत करमडीह गांव में जन वितरण प्रणाली की दुकान से डीलर मुलुखराज कुंवर द्वारा गरीब लाभुकों के बीच सोना-शोबरन धोती-साड़ी का वितरण किया गया. इस दौरान गांव के करीब 200 लाभुकों—उदय सिंह, कृष्णा सिंह, युगेश्वर सिंह, संजू देवी, फूल कुमारी देवी, सुदेश्वर सिंह, वीर मणि सिंह समेत कई ग्रामीणों को धोती-साड़ी दी गई. मौके पर उपस्थित समाजसेवी एवं मुखिया पति अविनाश कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह ने हेमंत सोरेन सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना की सराहना की. उन्होंने कहा कि कम दाम पर गरीबों को वस्त्र उपलब्ध कराना सरकार की संवेदनशील सोच को दर्शाता है, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली है. वहीं, सीलदिली पंचायत में डीलर राजेश्वर पासवान द्वारा भी अपनी जन वितरण प्रणाली की दुकान पर सेकड़ों ग्रामीणों के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया गया. वितरण के बाद ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया और उन्होंने सरकार के प्रति आभार जताया. धोती-साड़ी वितरण के दौरान ग्रामीणों ने खुशी-खुशी फोटो खिंचवाए और इस योजना को गरीबों के लिए वरदान बताया. सरकार की इस पहल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है.

### रेल उपभोक्ता संघ जल्द मिलेगा रेल मंत्री से

**उंटारी रोड (पलामू) .** रेल उपभोक्ता संघ, झारखंड की ओर से सीआईसी सेक्शन में यात्रियों को बेहतर रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कई अहम मांगें उठाई गई हैं. संघ ने जल्द ही अपनी टीम के साथ रेल मंत्री, भारत सरकार से दिल्ली स्थित रेल भवन में मुलाकात कर मांगों को मंजूरी दिलाने की बात कही है. संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय यात्रियों की सुविधा के लिए रांची-सासाराम और रांची-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस में आठ-आठ सामान्य कोच जोड़ने, उंटारी रोड स्टेशन पर आरक्षण काउंटर खोलने और रांची से प्रयागराज तक मेसरा होकर ट्रेन विस्तार की मांग की गई है. इसके अलावा सतबहिनी स्टेशन पर पीसीसी पथ निर्माण, पलामू एक्सप्रेस का हटिया तक विस्तार, सिगसिगी स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव, डेहरी ऑन सोन से बरकाकाना पैसेंजर को लोहरदगा तक विस्तार, तथा गरीब रथ एक्सप्रेस के मोहम्मदगंज व उंटारी रोड में ठहराव की भी मांग शामिल है. संघ का कहना है कि ये मांगें क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा और समग्र विकास के लिए बेहद जरूरी हैं, और इन्हें गंभीरता से पूरा किया जाना चाहिए.

### कसियाडीह मवि में फुटबॉल वितरण समारोह



**सतबरवा .** सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के कसियाडीह मध्य विद्यालय प्रांगण में शुक्रवार को फुटबॉल वितरण समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि खेल से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ एकाग्रता भी बढ़ती है. पढ़ाई के साथ खेलकूद भी उतना ही आवश्यक है. सामाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार फुटबॉल वितरण कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया जा रहा है. इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद साहू, सरना समाज के प्रखंड सचिव सुनील उरांव, लखन साहू, अनंत मिस्त्री, सहेनदर उरांव, सिगल उरांव, विजेन्द्र सिंह, अभिषेक कुमार, विरेंद्र उरांव, उमेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे. कार्यक्रम में खिलाड़ियों पुजा कुमारी, प्रीति कुमारी, अर्चना कुमारी, अमेरिका कुमारी, अंजु कुमारी, ओम कुमार समेत दर्जनों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. खिलाड़ियों ने फुटबॉल प्राप्त कर खुशी जाहिर की और कहा कि इससे खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी. कजरुखुर्द पंचायत समिति सदस्य राम प्रवेश साव और वार्ड सदस्य राजू शर्मा ने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता और साइट इंचार्ज से डायवर्सन को जल्द सुधारने और मजबूत करने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों की परेशानी कम हो सके.

### संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम का आयोजन



**महुआडांड़(लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखण्ड अंतर्गत कोंग्रेस का पंचायत स्तरीय संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम लगातार जारी है. बुधवार को ओरसा, गुरुवार को रेंगाई में एवं शुक्रवार को हामी पंचायत में किया गया. यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, लातेहार जिला प्रभारी सह पूर्व राज्यसभा सांसद आदरणीय धीरज प्रसाद साहू, मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह एवं प्रभारी डॉ. अजय शाहदेव के निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अभय मिंज एवं मंडल अध्यक्ष नुरुल हसन अंसारी ने किया. वही पंचायत अध्यक्ष सहित पूरी पंचायत कमिटी का चुनाव सर्वसहमति से किया गया. और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष ने कहा कांग्रेस का हर कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने और देश के अंतिम व्यक्ति की आवाज बनने के लिए संघर्षरत है. राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी केन्द्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ रही है. मौके पर कांग्रेस जिला महासचिव रामनरेश ठाकुर, कांग्रेस प्रखण्ड महिला अध्यक्ष फ्रिदा कुजूर, महुआडांड़ प्रखण्ड उपाध्यक्ष नसीम अंसारी, महुआडांड़ प्रखण्ड कांग्रेस महासचिव जमुना प्रसाद, सहित भारी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे.

### महुआडांड़ के शिव मंदिर परिसर में आर्यन संघ ने भव्य गणेश चतुर्थी पूजा की तैयारी पूरी की

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय के बाजार स्थित शिव मंदिर परिसर में आर्यन संघ द्वारा इस बार भी भव्य गणेश पूजा का आयोजन किया जाएगा. 27 अगस्त से गणेश चतुर्थी के साथ सात दिवसीय पूजा कार्यक्रम शुरू होगा. आर्यन संघ के पंकज दास बाबु ने बताया कि पिछले दस वर्षों से यह पूजा परंपरागत रूप से मनाई जा रही है और इस वर्ष भी भव्य पंडाल और रात में लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की गई है. पूजा समिति के सदस्य दिन-रात मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं. इस बार महोत्सव सात दिन तक चलेगा, जिसमें एक दिन भव्य भंडारा भी होगा. आर्यन संघ के अभिषेक कुमार, भोला कुमार, सत्यम कुमार, निकेश कुमार, करण कुमार, अमित पाठक, बजरंगी सहित सैकड़ों युवकों ने इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई है. पूजा के भव्य स्वरूप से स्थानीय लोगों में उत्साह देखा जा रहा है और यह आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक बन रहा है.

## ब्रीफ न्यूज

### ट्रेन से गिरकर युवक हुआ घायल

**कोडरमा।** गया-धनबाद रेलखंड के हीरोडीह रेलवे स्टेशन के समीप बीती रात ट्रेन से गिरने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है. घायल की पहचान जयनगर थाना क्षेत्र के खेशकरी निवासी 23 वर्षीय फैयाज खान के रूप में हुई है. घटना की जानकारी देते हुए घायल के गांव के बगल के गांव कठडीह के पंचायत सचिव बाबू खान ने बताया कि गुरुवार को फ़ैयाज़ झुमरीतिलैया बाजार करने गया हुआ था. देर शाम को वह (13306) गया-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस से कोडरमा स्टेशन से अपने गांव के लिए लौट रहा था. वह हीरोडीह स्टेशन उतर कर अपने गांव को आता. इसी दौरान हीरोडीह स्टेशन के समीप उतरने के क्रम में वह अपना संतुलन खो बैठा और उसका एक पैर पूरी तरह से क्षतिग्रशत हो गया.

### पुलिस चौकी के सामने हो रहा एनजीटी नियमों का उल्लंघन

**गुमला।** झारखंड में 10 जून से लागू राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के आदेशों का गुमला जिले में खुलेआम उल्लंघन हो रहा है. एनजीटी का उद्देश्य मानसून के दौरान पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना है, लेकिन जिले में नदियों से अवैध रूप से बालू उठाव बदस्तूर जारी है. हर सुबह पालकोट रोड से होकर ट्रैक्टरों द्वारा बालू की अवैध ढुलाई की जा रही है. सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा कारोबार उर्मी पुलिस चौकी के सामने हो रहा है, जहां पुलिस की तैनाती भी है. इसके बावजूद बालू माफिया निडर होकर नियमों को ताक पर रखकर कारोबार कर रहे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस और खनन विभाग के अधिकारियों को इस अवैध गतिविधि की पूरी जानकारी है.

### कई दुकानदारों व टोटो चालकों पर हुआ जुर्माना

**कोडरमा।** उपायुक्त श्री ऋतुराज के निर्देश पर नगर परिषद टीम और तिलैया थाना पुलिस ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से झंडा चौक और रेलवे ओवरब्रिज के नीचे अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. इस दौरान कई खुदरा दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया. वहीं राजगढ़िया मोड़ पर टोटो चालकों द्वारा सवारी बैठाने के लिए अवैध रूप से वाहन खड़ा कर जाम की स्थिति बनाये जाने पर भी सख्ती बरतते हुए कई टोटो चालकों से जुर्माना वसूला गया, वहीं एक टोटो को जब्त कर तिलैया थाना को सुपुर्द किया गया. नगर प्रबंधक लेमांशु कुमार ने कहा कि शहर में किसी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध रूप से वाहन खड़ा करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

आदिवासी हिंदू किशोरियों के शोषण पर हिंदू जागरण मंच के पूर्व अध्यक्ष ने जताई चिंता, कहा

# अब भी नहीं जागे, तो झारखंड भी बन जाएगा बंगाल

**शुभम संदेश । गुमला**



गुमला प्रवास पर आए हिंदू जागरण मंच के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व हिंदू सेवक ऋषि नाथ शाहदेव ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता में आदिवासी हिंदू किशोरियों पर बढ़ते दुष्कर्म और शोषण की घटनाओं पर गहरी चिंता जताई. उन्होंने कहा कि गुमला, सिमडेगा समेत कई जिलों में आए दिन 12-14 वर्ष की छात्राओं के साथ अपहरण, दुष्कर्म और हत्या की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिनमें आरोपित अक्सर मुस्लिम युवक होते हैं.

उन्होंने आरोप लगाया कि ये युवक प्रलोभन देकर ₹लव जेहाद₹ के तहत हिंदू किशोरियों को निशाना बना रहे हैं, और शर्म व सामाजिक डर के कारण पीड़ित परिवार चुप रहते हैं, जिससे अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है.

शाहदेव ने चेतावनी दी कि अगर अब भी हिंदू और आदिवासी समाज जागरूक नहीं हुआ, तो झारखंड का हाल भी पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश जैसा हो सकता है.

उन्होंने बेटियों से भी आह्वान किया कि वे डरें नहीं, बल्कि अपने धर्म, संस्कार और अस्मिता की रक्षा के लिए डटकर मुकाबला करना सीखें.

सिसई की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज तकनीक के दौर में अपराधी को ट्रेस करना कोई मुश्किल कार्य नहीं, परंतु वोटबैंक की राजनीति के चलते प्रशासन निष्क्रिय है. उन्होंने दोहराया कि अगर सनातन धर्म की रक्षा करनी है, तो समाज को संगठित होकर जागना होगा. प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रवर्तन पदाधिकारी संजय वर्मा और विभाग संयोजक श्याम सुंदर साहु भी उपस्थित थे.

### जरूरतमंदों के लिए हम सब को जीवन में रक्तदान करना चाहिए : आदित्य

**बरवाडीह (लातेहार)।** शुक्रवार को बरवाडीह निवासी जो लातेहार में नगर पंचायत के टीम लीडर के पद पर पदस्थापित है उन्होंने लातेहार सदर अस्पताल में अपना रक्त दान कर एक महिला का जान बचाया है. आदित्य ने यह 9वीं बार अपना रक्त दान किया है. बताते चले कि लातेहार करकट की एक महिला का सेहत पिछले कई दिनों से खराब चल रहा है जिसे परिजनों ने लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती किया था, जहां डॉक्टरों ने इलाज कर महिला को खून की कमी बताया. जिसके बाद बीमार महिला के परिजनों ने खून के तलाश कर रहे थी जिसके जानकारी सोशल मीडिया के जरिए आदित कुमार को हुआ, जिसके बाद आदित्य कुमार ने तत्काल लातेहार सदर अस्पताल में पहुंच कर उक्त बीमार महिला के लिए अपना रक्त दान किया.

## एक नजर

### वज्रपात की अलग-अलग घटना में दो की मौत

**गुमला।** जिला में वज्रपात की दो अलग-अलग घटना में दो लोगों की मौत हो गई. पहली घटना डुमरी थाना क्षेत्र के जुरमु में हुई जिसमें ब्रितिला तिर्की 70 वर्ष की मौत हो गई. वह मवेशी चरा रही थी. दूसरी घटना बिशुनपुर के कटिया गांव में हुई जहां 26 वर्षीय युवक अली उरांव की मौत हो गई. वह भी मवेशी लेकर जंगल गया हुआ था. गुमला सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिवार जनों को सौंप दिया.

### ठगी के खिलाफ शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई

**गुमला।** डीप बोरिंग के नाम पर ठगी मामले में गुमला थाना में शिकायत के बावजूद ठग के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से शिकायत कर्ता विरेंद्र प्रसाद की परेशानी बढ़ गई है. विरेंद्र प्रसाद पालकोट थाना क्षेत्र के टेंगरिया का रहने वाला है. विरेंद्र प्रसाद ने बताया कि डीप बोरिंग दिलाने के नाम पर गुमला के लोहरदगा रोड निवासी शिवा चौक बड़ाईक ने उससे साठ हजार का मांग किया. उसने तीन बार उसके बैंक खाता में साठ हजार आनलाइन भुगतान किया हूं. लगभग दो साल हो गए लेकिन अब तक न तो डिप बोरिंग दिला रहा है और न ही पैसा वापस कर रहा है. ठगी मामले में मैंने गुमला थाना में नामजद शिकायत दर्ज कराया हूं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है.

### छिपादोहर स्वास्थ्य उपकेंद्र की एम्बुलेंस सेवा ठप, हादसे में दिखी लापरवाही



**बरवाडीह (लातेहार)।** छिपादोहर उपस्वास्थ्य केंद्र की एम्बुलेंस सेवा की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है. शुक्रवार सुबह छिपादोहर थाना क्षेत्र के केड़ गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 32 वर्षीय संदीप ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए. यह हादसा डालटनगंज से महुआडांड़ जा रही बस और बाइक की आमने-सामने टक्कर से हुआ. घायलों को ग्रामीणों की मदद से बरवाडीह की 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें एमएमसीएच डालटनगंज रेफर कर दिया गया. हालांकि, इस घटना ने छिपादोहर उपस्वास्थ्य केंद्र की एम्बुलेंस सेवा की बदहाली को उजागर कर दिया. घटना स्थल छिपादोहर क्षेत्र में पड़ने के बावजूद वहाँ की एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध नहीं हो सकी. ग्रामीणों ने बताया कि छिपादोहर के लिए आवंटित एम्बुलेंस पिछले कई महीनों से बरवाडीह सीएचसी में ही खड़ी है. इतना ही नहीं, एम्बुलेंस चालक तनवीर अहमद भी उपस्वास्थ्य केंद्र में कभी ड्यूटी पर नहीं रहता और प्रायः बरवाडीह स्थित ओम मोबाइल दुकान में काम करते हुए देखा जाता है. इस लापरवाही के कारण छिपादोहर क्षेत्र के मरीजों को आपात स्थिति में समय पर सुविधा नहीं मिल पाती है. ग्रामीणों ने इस बाबत जिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राज मोहन को सूचित किया है. वहीं बरवाडीह सीएचसी की प्रभारी डॉ. अनुपमा एक्का ने बताया कि छिपादोहर की एम्बुलेंस फिलहाल खराब है और मरम्मत के लिए भेजी गई है.

### दनुआ घाटी में एक दिन में तीन सड़क हादसे महिला डॉक्टर समेत आधा दर्जन से अधिक घायल

**चौपारण (हजारीबाग)।** जीटी रोड स्थित दनुआ घाटी में शुक्रवार को लगातार तीन सड़क हादसों ने अफरा-तफरी मचा दी. पहला हादसा उस समय हुआ जब यूपी-66 टी-8951 नंबर का एक ट्रक, जो रिफाइंड तेल से लदा हुआ था, दिल्ली की ओर जाते समय घाटी की खराब सड़क के कारण पलट गया. ट्रक पलटते ही सैकड़ों तेल के कार्टन बिखर गए. लोगों ने तेल लूटने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति पर काबू पाया. तेल फैलने से जीटी रोड पर ट्रैफिक जाम हो गया और पुलिस को वन-वे ट्रैफिक लागू करना पड़ा. इसी बीच, दूसरे हादसे में एक ट्रक के पीछे चल रही कार को पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी. कार सवार महिला चिकित्सक डॉ. कुमारी रेशमी (38), उनकी सास रीना सिंह (52), और चालक मुन्ना यादव (33) गंभीर रूप से घायल हो गए. दो बच्चियों को भी मामूली चोटें आईं. सभी गया जा रहे थे और घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया. तीसरे हादसे में एक ट्रेलर को पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें ट्रक चालक रोहित कुमार सिंह (मरकच्चो निवासी) घायल हो गया. ग्रामीणों ने दनुआ घाटी की जर्जर सड़कों की मरम्मत की मांग की है.

बेला पंचायत में मनरेगा में लीपापोती, ग्रामीणों ने जांच की मांग

# समतलीकरण का दिखावा, लाखों की निकासी का आरोप

**शुभम संदेश ।चौपारण (लातेहार)**

बेला पंचायत के खरहुवा गांव में मनरेगा योजना (कार्यक्रम संख्या 80053) के तहत समतलीकरण का कार्य केवल औपचारिक तौर पर दिखाया गया, जबकि वास्तविकता इससे उलट प्रतीत हो रही है. स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मो. असरफ की जमीन पर किए गए कार्य के एवज में मात्र 6 मास्टर रोल के आधार पर 1,28,592 की भुगतान प्रक्रिया पूरी कर दी गई, जबकि असल में काम को टाल-मटोल कर "लीपापोती" के माध्यम से भुगतान कर लिया गया.

ऑनलाइन पोर्टल पर इस योजना में 57 जॉबकार्ड धारकों द्वारा कुल 456 मजदूरी दिवस दर्ज किया गया है. ग्रामीणों का कहना है कि स्थल पर



सिर्फ थोड़ी खुदाई की गई और ट्रैक्टर से हल्की जोत की गई, जिसका कहीं भी वास्तविक परिमाण नहीं दिखता. वे सवाल उठा रहे हैं: जब काम प्रैक्टिकली मौजूद नहीं, तो भुगतान कैसे हुआ?

सुनियोजन में मिलीभगत की आशंका जाहिर करते हुए ग्रामीणों ने बीपीओ, जेई और एई रोजगार सेवक और मुखिया तक को शामिल बताया. साथ ही, यह भी आरोप लगाया गया है कि पेंशनधारी, रिटायर्ड शिक्षक और अन्य गैर-मजदूरों को पात्रता नहीं होने पर भी मजदूरी का भुगतान किया गया है. एक्ट में बिचौलिये जॉबकार्ड धारकों को 200 300 देकर पूरा पैसा ले जाते हैं—ऐसा ग्रामीणों का दावा है.

इस प्रकार योजनाओं में तय कमीशन पहले से निर्धारित रहता है, जिस वजह से लाखों की ₹बंदरबांट₹ हो रही है.

ग्रामीणों ने उपायुक्त को लिखित आवेदन देते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की. आवेदन के कार्यवाही के बाद कई स्थानों पर अब पुनः कार्य शुरू कर दिया गया है. ग्रामीणों का कहना है कि अगर निष्पक्ष जांच की जाए, तो मनरेगा योजना में बड़ा घोटाला सामने आ सकता है.

इस पूरे मामले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि योजनाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही कितनी महत्वपूर्ण है और यदि जांच समय पर और निष्पक्ष रूप से हो जाए तो भ्रष्ट चारित्रिकता उजागर की जा सकती है और जनता का विश्वास पुनर्स्थापित किया जा सकता है.

## लातेहार में साइबर ठगी का मामला सावधान रहने की अपील

**लातेहार।** जिले में साइबर अपराधियों की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है. ताजा मामला पानी टंकी क्षेत्र से सामने आया है, जहां ₹पारस कुमार मैटेरियल एंड सप्लायर₹ के नाम पर लोगों को ठगने की कोशिश की जा रही है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, साइबर अपराधी मोबाइल नंबर 9729693229 से लोगों को मैसेज कर पैसों की मांग कर रहे हैं. संदेश में यह लिखा जा रहा है कि ₹मुझे अर्जेंट पैसा चाहिए₹, जिससे लोगों को भ्रमित कर आर्थिक ठगी की जा सके. बताया जा रहा है कि उक्त नंबर से कई लोगों के पास लगातार मैसेज पहुंच रहे हैं और उन्हें तुरंत पैसे भेजने के लिए दबाव बनाया जा रहा है.

इस घटना से इलाके के व्यापारी और आम लोग दहशत में हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि यह साइबर अपराधियों का नया तरीका है, जिसमें किसी स्थानीय नाम और प्रतिष्ठान का सहारा लेकर लोगों को विश्वास में लिया जाता है. प्रशासन और साइबर सेल ने ऐसे किसी भी संदेश पर ध्यान न देने और तुरंत संबंधित थाने या साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देने की अपील की है.

## लावारिस मानसिक रोगी की मदद को आगे आईं पीएलवी लता कुमारी, रिनपास में कराया भर्ती

**सुभम संदेश ।नामकुम (रांची)**

इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए नामकुम प्रखंड की पैरा लीगल वॉलंटियर (पीएलवी) लता कुमारी ने एक लावारिस मानसिक रोगी को सुरक्षित स्थान तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. यह युवक बीते दो दिनों से अंबाटिया नगर के महुआ टोली के पास बारिश में भीगता हुआ घास में पड़ा था, बोलने में असमर्थ था और कुछ राहगीरों द्वारा उसे कभी-कभार भोजन दिया जा रहा था. स्थानीय उपमुखिया से सूचना मिलने के बाद



लता कुमारी तत्काल मौके पर पहुँचीं और जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) के सचिव सह जज रवि कुमार भास्कर को इसकी जानकारी दी. शुरू में उसे बालासराय में रखने की कोशिश की गई, लेकिन उसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक होने के कारण मना कर दिया गया. उपमुखिया द्वारा पंचायत भवन में रखने से भी इनकार किए जाने पर जज ने नाराजगी जताई और अंततः उसे बड़ाम न्याय सदन में रखने का निर्देश दिया. शाम 7 बजे लता कुमारी ने ऑटो रिजर्व कर उसे न्याय सदन पहुँचाया, जहाँ पीएलवी युधिष्ठिर महतो ने देखभाल की. अगले दिन फिर लता ने स्थायी समाधान के लिए प्रयास किया और पुलिस की मदद से युवक को टाटीसिल्वे थाना पहुँचाया गया.

सूर्या हांसदा इनकाउंटर मामले की आदिवासी संगठनों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

# सीबीआई जांच के लिए निकाली गई कैंडल मार्च

**शुभम संदेश।गुमला**

गोड्डा में सूर्या हांसदा इन काउंटर मामले में गुमला के आदिवासी संगठनों ने निष्पक्ष सीबीआई जांच की मांग की है. गुमला के आदिवासी संगठनों के नेताओं ने गुरुवार की शाम पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर से कैंडल मार्च निकाला और टावर चौक के समीप आदिवासी विरोध राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. भाजपा नेता रामावतार भगत ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है. कैंडल मार्च राज्य सरकार को भ्रष्टाचार के खिलाफ रोशनी दिखाने का संकेत है. कहा कि सूर्या हांसदा उग्रवादी और अपराधी नहीं था. कोई अपराध था तो पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती थी लेकिन वह राज्य सरकार मे व्याप्त भ्रष्टाचार व



लूट के खिलाफ आवाज उठा रहा था जिस कारण पुलिस ने उसकी हत्या कर इन काउंटर बता रहा है. सूर्या हांसदा की हत्या में साजिश की बू आ रही है. इसलिए आदिवासी संगठन सूर्या हांसदा इन काउंटर मामले की सीबीआई जांच से कम मानने वाली नहीं है. इस अवसर पर झारखंड सरकार के विरोध में नारे भी लगाए गए. कैंडल मार्च प्रदर्शन में भाजपा एसटी मोर्चा के अध्यक्ष छोटेलाल उरांख्, देवेंद्र लाल उरांव, रामावतार भगत, निर्मल गोयल, यशवंत सिन्हा, हरिहर साहु, हंदु भगत, रामेश्वरी उरांव, राधेश्याम सिंह, केशव सिंह, बालकेश्वर सिंह, विनोद मिंज, विश्वनाथ भगत आदि शामिल थे.

## कार्यशाला में छात्रों को बताया नशे के दुष्प्रभावों से बचने का रास्ता

- न्यू कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, काठीटांड में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**रातू ।** काठीटांड स्थित न्यू कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में विद्यालय के कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया. इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से बहन इंदू, बहन डोली और भाई नागेंद्र कुमार बतौर वक्ता शामिल हुए. उन्होंने छात्रों को शराब, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी. वक्ताओं ने नशे से मुक्ति पाने के लिए आध्यात्मिक चेतना, स्व-नियंत्रण और सकारात्मक जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया. प्राचार्य वीरेंद्र कुमार ने



छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन, करियर और परिवार को बर्बाद कर देता है. उन्होंने छात्र जीवन को भविष्य निर्माण की नींव बताते हुए विद्यार्थियों से नशे से पूरी तरह दूर रहने की अपील की. कार्यशाला में विद्यार्थियों ने भी विषय पर विचार साझा किए और नशा मुक्ति के लिए जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया. कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी. कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे और इसे एक सार्थक व प्रेरणादायक पहल बताया.

## बिजुलिया तालाब रोड का सांसद मनीष जायसवाल ने किया निरीक्षण, जल्द मरम्मत का दिया निर्देश

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को रामगढ़ के बिजुलिया तालाब रोड की जर्जर स्थिति का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश को अविलंब सड़क का डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करने का निर्देश दिया.

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने इस सड़क की खराब हालत को लेकर कई बार शिकायत की थी. खासकर बारिश के मौसम में गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों को गंभीर कठिनाइयों



का सामना करना पड़ता है. इसे देखते हुए सांसद जायसवाल ने बिजुलिया तालाब रोड सहित आसपास की सभी सड़कों का सर्वे कर एस्टीमेट तैयार करने और निर्माण प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान सांसद ने कहा, ₹बिजुलिया तालाब रोड की हालत बेहद खराब है, जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है. मैंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी आवश्यक कार्रवाई कर सड़क मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके.

### झारखंड राज्य दूसरा स्टेट रैंकिंग टूर्नामेंट का आयोजन

**हजारीबाग।** जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में आयोजित झारखंड राज्य दूसरा स्टेट रैंकिंग टूर्नामेंट का आयोजन नमन विद्या में 22 अगस्त 25 अगस्त तक किया गया है आज उद्घाटन के अवसर पर झारखंड टेबल टेनिस संघ के सचिव समरजीत सिंह नमन विद्या के प्राचार्य प्रियंका राजवंश और भैया मुरारी सिन्हा ने किया झारखंड सचिव समरजीत सिंह ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने को कहा, जबकि भैया मुरारी सिन्हा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया.


### कोर्ट नोटिस

न्यायालय,
सिविल जज, जूनियर डिवीजन -II, गुमला
ओरिजनल सूट नं. 108/2022
घनश्याम जायसवाल............. वादी
बनाम
अनीता देवी वगै...........प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम प्रतिवादी सं.- 1

1. अनीता देवी, पति स्व. राम जायसवाल, निवासी ग्राम - पालकोट रोड, गुमला, साहू पेट्रोल पंप के नजदीक, थाना व जिला - गुमला.

चूँ बजरिए इस नोटिस प्रकाशन के माध्यम से आप को सूचित किया जाता है कि वादी द्वारा यह वाद आपके विरुद् दायर किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है तथा आपकी उपस्थिति हेतु न्यायालय द्वारा नजारत एवं निबंधित डाक के माध्यम से सम्मन निर्गत किया गया था परंतु आप आज तक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए है.

अतः आपको इस नोटिस प्रकाशन के द्वारा आगाह किया जाता कि आप दिनाँक 18/09/2025 समय 11:30 बजे या उसके पूर्व न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में ही इस वाद कि सुनवाई एकपक्षीय की जाएगी.

इसे सख्त ताकीद जानें.

यह नोटिस आज दिनांक 18/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर से जारी किया गया.

ह./
सिविल जज, जू. डि. -II, गुमला.


**स्वच्छता** जल और भोजन से ही हम बीमारियों से बच सकते हैं

# गांव को समझें अपना घर, तभी बनेगी स्वच्छता की मिसाल : मस्त राम मीणा

**सुभम संदेश ।मेदिनीनगर**

जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन के तहत शुक्रवार को टाउन हॉल में मुखिया और जल सहियाओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान महासचिव मस्त राम मीणा ने कहा कि जब तक हम अपने गांव और पंचायत को अपना घर नहीं मानेंगे, तब तक स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल है. स्वच्छ जल और भोजन से ही हम बीमारियों से बच सकते हैं और इसके लिए समाज को जिम्मेदारी से आगे आना होगा.

मीणा ने कहा कि ऐतिहासिक काल में लोग तालाब, कूप और



झरनों से जल प्राप्त करते थे, लेकिन आज यह जलस्रोत प्रदूषित हो चुके हैं. इसे शुद्ध करने की जिम्मेदारी भी समाज की ही है. उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत पूर्ण योजनाओं के रखरखाव की जिम्मेदारी संवेदकों पर बताते हुए कहा कि 5 वर्षों तक अगर किसी योजना में खराबी आती है, तो संवेदक से ही मरम्मत कराई जा सकती है.

कार्यक्रम के दौरान जल जीवन मिशन के अभियान निदेशक रमेश घोलप ने बताया कि वर्ष 2019 में स्वतंत्रता दिवस के दिन इस मिशन की शुरुआत हुई थी. झारखंड के 62.5 लाख परिवारों तक नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक 55% कार्य पूर्ण हो चुका है. पलामू जिले में 3.65 लाख परिवारों को कवर करना है, जिसमें 53% लक्ष्य प्राप्त हो चुका है.

उपायुक्त समीरा एस ने मुखियाओं और जल सहियाओं से योजनाओं की निगरानी में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि आपके फीडबैक से ही योजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकती है.

कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ कई पंचायतों के मुखिया और जल सहियाएं भी शामिल हुईं और अपने अनुभव साझा किए. कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन से हुआ तथा धन्यवाद ज्ञापन उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने किया.

डीएवी रजरप्पा में स्पोर्ट्स 2025 का रंगारंग आगाज़

## 300 खिलाड़ियों ने दिखाया जोश



**रामगढ़।** डीएवी रजरप्पा में क्षेत्रीय कार्यालय झारखंड प्रक्षेत्र-डी के तत्वावधान में स्पोर्ट्स 2025 के अंतर्गत राज्य स्तरीय नेटबॉल एवं भारोत्तोलन प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ. इस आयोजन में राज्यभर के विभिन्न डीएवी विद्यालयों से लगभग 300 खिलाड़ी अपने टीम मैनेजर और खेल शिक्षकों के साथ शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं डीएवी गान से की गई. मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी, झारखंड जोन-डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एवं विद्यालय प्राचार्य डॉ. एस.के. शर्मा, डीएवी तापिन के प्राचार्य यू.के. रॉय और डीएवी केदला के प्राचार्य बी. बनर्जी ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया.

मुख्य अतिथि गोपाल चौधरी ने अपने संबोधन में कहा, 'खेल में जीत और हार का सिलसिला चलता रहता है, लेकिन अनुशासन, मेहनत और खेल भावना से खेलेंगे तो सफलता निश्चित मिलेगी.' डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य डॉ. शर्मा ने कहा कि डीएवी परिवार विभिन्न फूलों का ऐसा बगीचा है जिसकी खुशबू देश-दुनिया में फैलेगी. यू.के. रॉय ने खेल को भविष्य संवारने का मजबूत माध्यम बताया, जबकि बी. बनर्जी ने महेंद्र सिंह धोनी का उदाहरण देते हुए बच्चों को मेहनत और अनुशासन की सीख दी.

